फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

93, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001
दिनांक : 15.09.2022

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में अगस्त, 2022 माह के मासिक सार।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ अगस्त, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की एक प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

ह./-
(किरण कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
011 - 23034467

संलग्नक: उपरोक्तनुसार

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उपराष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड़, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का अगस्त, 2022 माह का मासिक सार।**

**1. माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:**

- **संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक**

संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने बुधवार, 10, अगस्त, 2022 को हुई अपनी बैठक में निर्णय लिया कि:-

1. 17वीं लोक सभा के 9वें सत्र और राज्य सभा के 257वें सत्र (मानसून सत्र 2022), जो बुधवार, 10 अगस्त, 2022 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, का सत्रावसान कर दिया जाए।
2. मंत्रिमंडल समिति ने गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों का विरोध किए जाने या संबंधित सदस्यों से विधेयक/संकल्प वापस लेने का अनुरोध करने/मनाने, ऐसा न करने पर उनका विरोध करने/समर्थन नहीं करने के संसदीय कार्य मंत्री द्वारा उनको प्रत्यायोजित शक्तियों के तहत अनुमोदित सरकारी निर्णयों का अनुसमर्थन भी किया।

- **दोनों सदनों का सत्रावसान**

18 जुलाई, 2022 से आरंभ हुए लोक सभा और राज्य सभा के क्रमश: 9वें और 257वें सत्र का 17 अगस्त, 2022 को माननीय राष्ट्रपति द्वारा सत्रावसान कर दिया गया।

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

1956 से जुलाई, 2022 तक, लोक सभा की कार्यवाहियों में से कुल 98213 आश्वासन और राज्य सभा की कार्यवाहियों में से कुल 57531 आश्वासन निकाले गए। इनमें से लोक सभा के 1000 और राज्य सभा के 636 आश्वासन लंबित हैं।

अगस्त, 2022 माह के दौरान, लोक सभा की कार्यवाही से 50 और राज्य सभा की कार्यवाही से 55 आश्वासन निकाले गए।

अगस्त, 2022 माह के दौरान, 21 कार्यान्वयन रिपोर्टें लोक सभा के पटल पर और 7 कार्यान्वयन रिपोर्टें राज्य सभा के पटल पर रखी गईं।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के लिए अनौपचारिक परामर्शदात्री समितियों का गठन वर्ष 1954 में पहली बार संसद सदस्यों को सरकार के कामकाज की कुछ झलक प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। इन समितियों की प्रकृति सलाहकारी है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालयों के लिए 39 परामर्शदात्री समितियां कार्य कर रही हैं।

अगस्त, 2022 माह के दौरान -

(क) परामर्शदात्री समितियों की 09 बैठकें आयोजित की गईं।

(ख) इस महीने के दौरान 07 सांसदों के नाम उनकी मृत्यु/सेवानिवृत्ति के बाद विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से हटाए गए।

(ग) माह के दौरान सरकार द्वारा विभिन्न परामर्शदात्री समितियों पर 18 संसद सदस्य नामित किए गए।

उपरोक्त विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 और राज्य सभा में नियम180ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के तहत उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है: -

| | **माह के दौरान लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **माह के दौरान राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत किए गए विशेष उल्लेख** |
|---|---|---|
| 01.08.2022 को लंबित मामले | 308 | 145 |
| अगस्त, 2022 के दौरान उठाए गए मामले | 163 | 045 |
| कुल लंबित मामले | 471 | 190 |
| अगस्त, 2022 के दौरान प्राप्त उत्तर | 075 | 010 |
| शेष मामले | **396** | **180** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

(क) पोर्टल आधारित राष्ट्रीय युवा संसद योजनाका (एनवाईपीएस) दूसरा संस्करण 1 अगस्त, 2022 से शुरू किया गया।

(ख) हरियाणा राज्य में युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 आयोजित करने के लिए एससीईआरटी, हरियाणा के शिक्षकों/अधिकारियों का मार्गदर्शन करने के लिए 5 अगस्त, 2022 को युवा संसद के संचालन के तौर-तरीकों पर व्याख्यान दिया गया।

(ग) अगस्त, 2022 के महीने में कुल 260 संस्थानों ने युवा संसद की बैठक आयोजित करने के बाद एनवाईपीएस पोर्टल पर फोटो, वीडियो, रिपोर्ट, छात्र विवरण आदि अपलोड किए हैं। इन युवा संसद की बैठकों में 12375 छात्रों ने भाग लिया।

(घ) केन्द्रीय विद्यालय, मथुरा छावनी, मथुरा ने 26 अगस्त, 2022 को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' विषय पर युवा संसद की एक विशेष बैठक आयोजित की। सभी भाग लेने वाले छात्रों को भागीदारी का प्रमाणपत्र जारी किया गया।

(ङ) राजकीय सह शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पश्चिम विहार, दिल्ली ने 30 अगस्त, 2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय पर युवा संसद की एक विशेष बैठक आयोजित की।

(च) जवाहर नवोदय विद्यालय, नर्मदा, गुजरात ने 29 अगस्त, 2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय पर युवा संसद की एक विशेष बैठक आयोजित की।

(छ) विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए 16वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2019-20 के समूह स्तरीय मूल्यांकन के आयोजन की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2022 तक बढ़ाई गई।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

अगस्त, 2022 के दौरान, नेवा के संबंध में निम्नलिखित कार्य किए गए:

**1. नेवा कार्यान्वयन में मील का पत्थर**

केंद्रीय परियोजना निगरानी इकाई (सीपीएमयू) ने 8 अगस्त, 2022 को एक कृत्रिम सत्र आयोजित करने के लिए अपने अधिकारियों को हरियाणा विधानसभा में प्रतिनियुक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा ने मानसून सत्र की शुरुआत में नेवा का शुभारंभ किया। सत्र के दौरान, विधानसभा ने नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपना कार्य निष्पादित किया और इस प्रकार नेवा के माध्यम से डिजिटल विधानसभाओं के समूह में शामिल हो गई।

**1. हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम**

क. सीपीएमयू नेवा ने 18 अगस्त, 2022 को शिलांग में मेघालय विधान सभा के सदस्यों के लिए नेवा पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया।

ख. उत्तर प्रदेश विधानसभा के अधिकारियों के साथ एक आभासी सम्मेलन 23 अगस्त, 2022 को विधानसभा अधिकारियों द्वारा नेवा के एंड-टु-एंड एकीकरण के लिए बुलाया गया था।

ग. 24 से 26 अगस्त, 2022 तक सीपीएमयू द्वारा मिजोरम विधान सभा के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 9 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें मिजोरम विधानसभा के अधिकारियों को उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

**3. नेवा एप्लिकेशन में विकास/उन्नयन**

क. संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की भाषा में बहुभाषी सार्वजनिक पोर्टल की सुविधा को अद्यतन किया गया।

ख. बहु-हस्ताक्षरकर्ताओं के साथ नोटिस प्रवाह का प्रावधान किया गया और सभापति/अध्यक्ष लॉगिन में अनुमति देने/अनुमति नहीं देने की सुविधाओं को जोड़ा गया।

ग. कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) सचिव लॉगिन में सदन में समय निवेश की रिपोर्ट ऑटोजेनेरेशन को जोड़ा गया। हाउस कंट्रोलर मॉड्यूल में 'डायनामिक इवेंट' और 'टाइम अपडेट सुविधा' को भी जोड़ा गया।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयीन परामर्श के कारणरूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

- शून्य-

3. तीन माह से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन की स्वीकृति' के मामलों की संख्या

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

- कार्रवाई की जा रही है और निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

इस मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कोई स्वायत्त निकाय नहीं हैं।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोग हेतु विशिष्ट कदमों की जानकारी

-लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर के पदों में रिक्ति की स्थिति

वर्तमान में सभी वरिष्ठ स्तर के पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

अनुबंध-I

## 2022, अगस्त माह में आयोजित परामर्शदात्री समितियों की बैठकों की सूची

| क्र.सं. | दिन, तिथि और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान / टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंगलवार, 2 अगस्त, 2022 सुबह 9:00 बजे | संस्कृति और पर्यटन | i) नई पर्यटन नीति; और ii) आज़ादी का अमृत महोत्सव | मुख्य समिति कक्ष, संसदीय सौध, नई दिल्ली **स्थगित** |
| 2. | मंगलवार, 2 अगस्त, 2022 शाम 7:00 बजे | विधि और न्याय | i) कानूनी सूचना प्रबंधन और ब्रीफिंग प्रणाली; और ii)कानूनी सहायता कार्यक्रम -- अभिनव, नागरिक केंद्रित सेवाए डिजाइन करना | समिति कक्ष डी, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 3. | बुधवार, 3 अगस्त, 2022 सुबह 9:30 बजे | श्रम और रोजगार | i) कवरेज; ii) शिकायत निवारण प्रणाली; और iii) ईपीएफओ का मानव संसाधन प्रबंधन | समिति कक्ष डी, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 4. | गुरुवार, 4 अगस्त, 2022 सुबह 9:15 बजे | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण | भारत में स्वास्थ्य लाभ | समिति कक्ष "सी", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 5. | गुरुवार, 4 अगस्त, 2022 शाम 6:00 बजे | वाणिज्य और उद्योग | प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान | समिति कक्ष डी, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 6. | गुरुवार, 4 अगस्त 2022 शाम 6:30 बजे | आवासन और शहरी कार्य | अमृत और अमृत 2.0 | समिति कक्ष "सी", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 7. | गुरुवार, 4 अगस्त, 2022 शाम 6:30 बजे | विद्युत | ऊर्जा संरक्षण के उपाय | समिति कक्ष "बी", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 8. | शुक्रवार, 5 अगस्त, 2022 सुबह 9:00 बजे | वित्त | जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत हित के मामले/सुझाव | समिति कक्ष "सी", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 9. | शुक्रवार, 5 अगस्त 2022 सुबह 9:00 बजे | सूचना और प्रसारण | प्रसार भारती द्वारा अभिलेखीय सामग्री का मुद्रीकरण | समिति कक्ष "बी", संसदीय सौध, नई दिल्ली |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | सोमवार, 8 अगस्त, 2022 सुबह 9:30 बजे | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन | कृषि वानिकी | समिति कक्ष डी, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 11. | गुरुवार, 25 अगस्त, 2022 सुबह 10:00 बजे | ग्रामीण विकास, पंचायती राज | "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 1.0 और 2.0 का वाटरशेड विकास घटक। | समिति कक्ष डी, संसदीय सौध, नई दिल्ली<br><br>**स्थगित** |

**अगस्त, 2022 के दौरान मृत्यु/त्यागपत्र/सेवानिवृत्ति के कारण विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से हटाए गए संसद सदस्यों के नाम-**

| **क्र.सं.** | **सांसदों का नाम** | **परामर्शदात्री समिति का नाम जिसमें नामांकित थे** | **कारण** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विवेक के. तन्खा, सांसद (राज्य सभा) | सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय | 29.06.2022 को सेवानिवृत्त |
| 2. | श्री के.आर.एन. राजेश कुमार, सांसद (राज्य सभा) | वस्त्र मंत्रालय | 29.06.2022 को सेवानिवृत्त |
| 3. | श्री जयराम रमेश, सांसद (राज्य सभा) | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | 30.06.2022 को सेवानिवृत्त |
| 4. | श्री प्रफुल्ल पटेल, सांसद (राज्य सभा) | नागर विमानन मंत्रालय | 04.07.2022 को सेवानिवृत्त |
| 5. | श्री संजय राउत, सांसद (राज्य सभा) | विधि और न्याय मंत्रालय | 04.07.2022 को सेवानिवृत्त |
| 6. | श्री कपिल सिब्बल, सांसद (राज्य सभा) | वित्त मंत्रालय | 04.07.2022 को सेवानिवृत्त |
| 7. | डॉ. सुभाष चंद्रा, सांसद (राज्य सभा) | विधि और न्याय मंत्रालय | 01.08.2022 को सेवानिवृत्त |

**अगस्त, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों पर नामित संसद सदस्य**

| क्र.सं. | सांसदों का नाम | परामर्शदात्री समिति का नाम जिस पर नामित किया गया | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विक्रमजीत सिंह साहनी, सांसद (राज्य सभा) | वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय | 03.08.2022 को नामांकित |
| 2. | श्री मानस रंजन मंगराज, सांसद (राज्य सभा) | सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय | 03.08.2022 को नामांकित |
| 3. | श्रीमती सुलता देव, सांसद (राज्य सभा) | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | 03.08.2022 को नामांकित |
| 4. | श्री निरंजन बिशी, सांसद (राज्य सभा) | जनजातीय कार्य मंत्रालय | 03.08.2022 को नामांकित |
| 5. | श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', सांसद (लोक सभा) | विद्युत मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | 03.08.2022 को नामांकित |
| 6. | डॉ. के. लक्ष्मण, सांसद (राज्य सभा) | शिक्षा मंत्रालय | 03.08.2022 को नामांकित |
| 7. | श्रीमती पी.टी. उषा, सांसद (राज्य सभा) | युवा कार्य और खेल मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 8. | श्री आदित्य प्रसाद, सांसद (राज्य सभा) | कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 9. | श्री लहर सिंह, सांसद (राज्य सभा) | गृह मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 10. | श्री सतीश चंद्र दूबे, सांसद (राज्य सभा) | इस्पात मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 11. | श्री शंभू शरण पटेल, सांसद (राज्य सभा) | वित्त मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 12. | श्री घनश्याम तिवाड़ी, सांसद (राज्य सभा) | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 13. | श्री जावेद अली खान, सांसद (राज्य सभा) | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 14. | श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद (राज्य सभा) | सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 15. | डॉ. अनिल सुखदेवराव बोंडे, सांसद (राज्य सभा) | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 16. | श्री आर. धरमार, सांसद (राज्य सभा) | रेल मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 17. | श्री खीरू महतो, सांसद (राज्य सभा) | कोयला और खान मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |
| 18. | श्रीमती संगीता यादव, सांसद (राज्य सभा) | श्रम और रोजगार मंत्रालय | 22.08.2022 को नामांकित |